

# 1 समुद्र किनारे एक दिन

QRickit
0225CH01



not to be republished © NCERT

## चित्र को देखिए एवं दिखाई गई वस्तुओं को गिनकर लिखिए।

नारियलों की संख्या ☐ नावों की संख्या ☐

बच्चों की संख्या ☐ संतरों की संख्या ☐

आपने वस्तुओं को कैसे गिना? क्या आपने इन्हें एक-एक करके या समूह में गिना?

बच्चों से चर्चा कीजिए कि क्या वे कभी नदी किनारे या समुद्र के किनारे गए हैं। उनसे पूछें कि वहाँ सामान्यत: कौन-से जानवर एवं पौधे दिखाई देते हैं एवं उन्हें समूह में गिनने के लिए प्रेरित कीजिए।





## आओ करें

### चित्र में दिखाई गई दुकानों को देखिए और रिक्त स्थान भरिए।

क. सीपियों की ______ मालाएँ हैं। प्रत्येक माला में 10 सीपियाँ हैं।

ख. गुब्बारों के ______ समूह हैं। प्रत्येक समूह में ______ गुब्बारे हैं एवं ______ गुब्बारे शेष हैं।

ग. केलों के ______ गुच्छे हैं। प्रत्येक गुच्छे में ______ केले हैं एवं ______ केले शेष हैं।

सुरभि ने कुछ शंख-सीपियाँ गिनीं। वह कंगन एवं माला बनाने में अपनी माँ की सहायता करना चाहती है।



सुरभि ने शंख-सीपियों के ______ कंगन बनाए। प्रत्येक कंगन में ______ शंख-सीपियाँ हैं।



उसकी माँ ने शंख-सीपियों की ______ मालाएँ बनाईं। प्रत्येक माला में ______ शंख-सीपियाँ हैं।




समुद्र किनारे किराने की दुकान
किनारा-किराना, किराना-किनारा

© NCERT not to be republished




Reprint 2024-25

## आओ सोचें

## 10 के समूह में आने वाली वस्तुओं को पता करके सूची बनाइए।

क. ____________ ख. ____________ ग. ____________

## स्वादिष्ट चीकू!

मनोज चीकू बेच रहा है। उसने चीकुओं को थालों में रखा हुआ है।



हर एक थाल में _____ चीकू हैं।

बताइए कुल कितने चीकू हैं? _____

## अब आप भी चीकुओं को थालों में रखकर बेचने में मनोज की सहायता कीजिए।

क. 25 चीकू दस चीकुओं के ____ थाल और ____ चीकू शेष।

ख. 43 चीकू दस चीकुओं के ____ थाल और ____ चीकू शेष।

ग. 35 चीकू दस चीकुओं के ____ थाल और ____ चीकू शेष।

घ. 58 चीकू दस चीकुओं के ____ थाल और ____ चीकू शेष।









© NCERT not to be republished



## आओ मिलान करें


| | |
|---|---|
| 80 चीकू |  |
| 72 चीकू |  |
| 56 चीकू |  |
| 28 चीकू |  |

## ब्लॉक्स एवं पट्टियों का खेल




क्या आप बता सकते हैं कि इस ब्लॉक स्टिक में कितने ब्लॉक्स हैं?

1 ब्लॉक स्टिक = _____ ब्लॉक्स




क्या आप बता सकते हैं कि इस पट्‌टी में कितने खाने हैं?


1 दस की पट्‌टी = _____ खाने (इकाइयाँ)

© NCERT not to be republished







## आओ करें




3 ब्लॉक स्टिक्स एवं
4 ब्लॉक्स
कुल 34 ब्लॉक्स




___ ब्लॉक स्टिक्स एवं
___ ब्लॉक्स
कुल ___ ब्लॉक्स




___ ब्लॉक स्टिक्स एवं
___ ब्लॉक्स
कुल ___ ब्लॉक्स



___ दस की पट्टियाँ एवं
___ इकाइयाँ
कुल ___ इकाइयाँ



___ दस की पट्टियाँ एवं
___ इकाइयाँ
कुल ___ इकाइयाँ



___ दस की पट्टियाँ एवं
___ इकाइयाँ
कुल ___ इकाइयाँ

## तालिका पूरी कीजिए।

| कुल ब्लॉक्स/ इकाइयाँ | दस की पट्टियाँ  | इकाइयाँ  |
|---|---|---|
| 24 | 2 | 4 |
| 36 | | |
| 72 | | |
| 69 | | |
| 46 | | |


संख्या समझ को अधिक दृढ़ बनाने के लिए तीलियों के गट्ठर में और खुली तीलियों का भी उपयोग करें।







© NCERT not to be republished

# शतक बनाएँ!





_70_ पीली इकाइयाँ एवं _30_ लाल इकाइयाँ
7 पीली दस की पट्टियाँ एवं 3 लाल दस की पट्टियाँ
कुल 100 इकाइयाँ या दस की 10 पट्टियाँ



__ पीली इकाइयाँ एवं __ लाल इकाइयाँ
__ पीली दस की पट्टियाँ एवं __ लाल दस की पट्टियाँ
कुल ___ इकाइयाँ या दस की ___ पट्टियाँ



__ पीली इकाइयाँ एवं __ लाल इकाइयाँ
__ पीली दस की पट्टियाँ एवं __ लाल दस की पट्टियाँ
कुल ___ इकाइयाँ या दस की ___ पट्टियाँ



__ पीली इकाइयाँ एवं __ लाल इकाइयाँ
__ पीली दस की पट्टियाँ एवं __ लाल दस की पट्टियाँ
कुल ___ इकाइयाँ या दस की ___ पट्टियाँ

© NCERT not to be republished

दस की पट्टियों से 100 इकाइयों का एक ग्रिड बनाने के कुछ और तरीकों के विषय में चर्चा करें।





Reprint 2024-25

## आओ शतक बनाएँ!

इस खेल को 5 से 6 बच्चों के समूह में खेलिए। एक बच्चा बैंकर बनेगा। प्रत्येक समूह का सदस्य एक साथ दो पासे फेंकेगा एवं बैंकर से उतनी इकाइयाँ ले लेगा। जब दस इकाइयाँ हो जाएँगी तो दस की एक पट्टी से बदला जा सकता है। दस की 10 पट्टियाँ होने पर 100 इकाइयों का एक ग्रिड बनेगा। आप इकाइयों के लिए राजमा, कंकड़, चने इत्यादि का भी उपयोग कर सकते हैं।

## कार्ड्स से गिनना







बच्चों को अलग-अलग तरह के दस और इकाइयों के कार्ड्स प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें।



© NCERT not to be republished



Reprint 2024-25



## आओ सोचें

### रिक्त स्थान भरिए।

▲▲▲ ● = 30 + 1 या

| ▲ | ● |
|---|---|
| द | इ |
| 3 | 1 |

3 दहाई 1 इकाई

इसलिए कुल मिलाकर 31 सीपियाँ हैं।

---

▲▲▲ ●● = ☐ + ☐ या

| द | इ |
|---|---|
| | |

____ दहाई ____ इकाई

---

▲▲▲▲▲ ●●● = ☐ + ☐ या

| द | इ |
|---|---|
| | |

____ दहाई ____ इकाई

---

▲▲ ●●●●●●●● = ☐ + ☐ या

| द | इ |
|---|---|
| | |

____ दहाई ____ इकाई

### दहाई (▲) एवं इकाई (●) के कार्ड्स बनाकर रिक्त स्थान भरिए।

☐ = 90 + 3 या

| द | इ |
|---|---|
| | |

____ दहाई ____ इकाई

---

☐ = ☐ + ☐ या

| द | इ |
|---|---|
| 7 | 5 |

____ दहाई ____ इकाई

---

☐ = ☐ + ☐ या

| द | इ |
|---|---|
| 2 | 9 |

____ दहाई ____ इकाई





Reprint 2024-25

© NCERT not to be republished



## आओ खेलें

# संख्या बनाइए

बच्चे इकाई और दहाई वाले संख्या कार्ड बनाएँगे। शिक्षक, एक संख्या जैसे— 52 कहेंगे। जिन बच्चों के पास 50 एवं 2 वाले कार्ड होंगे; वे चित्र में दिखाए गए तरीके से एक साथ आकर संख्या 52 बनाएँगे। यह खेल अन्य संख्याओं के लिए आगे भी जारी रहेगा, जैसे— 27





# संतरों के डिब्बे




बच्चों को किसी संख्या को दहाई एवं इकाई की सहायता से समझने के पर्याप्त अवसर दें। उदाहरण के लिए, 73 को हम 70 और 3 या 7 दहाई एवं 3 इकाई के रूप में समझ सकते हैं। बच्चों को दो अंकों वाली संख्याओं के लिए इस तरह के कार्यपत्रक बनाने और उसे भरने को दें।

| | | द | इ |
|---|---|---|---|
| 73 | 70 + 3 | 7 | 3 |
| | | | |
| | | | |





Reprint 2024-25




कौन-से कम हैं, 27 केले या 72 केले? क्यों?

## अधिक या कम भरिए।

67 चीकू, 76 चीकुओं से ______ हैं। (अधिक/कम)

53 सीपियाँ, 35 सीपियों से ______ हैं। (अधिक/कम)






### आओ करें

## रिक्त स्थान में संख्या भरिए।

क. संख्या 29, संख्या 20 से अधिक है।

ख. संख्या ____, संख्या 41 से कम है।

ग. संख्या 70, संख्या 76 से कम है।

घ. संख्या ____, संख्या 49 से अधिक है।

ङ. संख्या 25, संख्या ____ से कम है।

च. संख्या ____, संख्या 2 से कम है।

छ. संख्या 36, संख्या ____ से अधिक है।

ज. संख्या ____, संख्या ____ से अधिक है।

बच्चों से ऐसी परिस्थितियों पर चर्चा करें, जहाँ उन्हें दो मात्राओं (संख्याओं) के बीच तुलना करनी पड़े। बच्चों से ठोस वस्तुएँ, जैसे— कंकड़, ढक्कन, बीज इत्यादि की ढेरी बनाकर किस ढेरी में अधिक वस्तुएँ हैं, इसका अनुमान लगाने को कहें। फिर गिनती करके अपने अनुमान की जाँच करें। उनके उत्तर के लिए तर्क देने को कहें।







© NCERT not to be republished

Reprint 2024-25





## फ्लैश काड्‌र्स का खेल

**क. 0 से 9 तक की संख्याओं के फ्लैश काड्‌र्स बनाइए एवं दी गई संख्याएँ बनाने के लिए उन्हें दहाई एवं इकाई के स्थान पर रखिए।**

**नीचे दिए गए निर्देश के अनुसार संख्या बनाएँ—**




क. 50 से बड़ी संख्या

ख. 30 से छोटी संख्या

ग. 47 से 59 से बीच की संख्या

घ. दो अंकों की सबसे छोटी संख्या कौन-सी बना सकते हैं?

ङ. दो अंकों की सबसे बड़ी संख्या कौन-सी बना सकते हैं?

**ख. फ्लैश काड्‌र्स को फेंटकर उसमें से दो कार्ड पसंद करें और उससे से दो अंकों की संख्याएँ बनाएँ। अब इन काड्‌र्स की अदला-बदली करें और एक नई संख्या बनाएँ। पता करें नई संख्या पहले वाली संख्या से बड़ी है या छोटी। बड़ी संख्या बनाने के लिए आप क्या करेंगे?**

| दहाई | इकाई | दहाई | इकाई |
|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 5 | 3 |
| | | | |
| | | | |
| | | | |




© NCERT not to be republished





Reprint 2024-25

## रास्ता बनाओ

सबसे बड़ी संख्या से सबसे छोटी संख्या तक पहुँचने के लिए एक रास्ता बताइए। शर्त यह है कि रास्ता प्रत्येक खाने में से एक ही बार होकर गुजरे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 65 | | | 73 |
| | 92 | | |
| | 53 | | |
| 20 | | 32 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 34 | | | 53 | |
| | 91 | | | 76 |
| | 14 | | | 11 |
| | | | | 19 |
| 23 | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | 51 | |
| 58 | | | | |
| | | | 63 | 43 |
| 75 | | | 86 | |
| 29 | | | | 34 |

## संख्या खेल— मैं कौन हूँ?

क. मैं दो अंकों की सबसे बड़ी संख्या हूँ। ______

ख. मैं दो अंकों की सबसे बड़ी संख्या हूँ, परंतु मेरे अंक अलग-अलग हैं। ______

ग. मैं दो अंकों की सबसे छोटी संख्या हूँ। ______

घ. मैं दो अंकों की सबसे छोटी संख्या हूँ, परंतु मेरे अंक एक जैसे हैं। ______

ङ. मैं दो अंकों की ऐसी सबसे छोटी संख्या हूँ, जिसमें दहाई का अंक 3 है। ______

च. मैं दो अंकों की ऐसी सबसे बड़ी संख्या हूँ, जिसमें इकाई के स्थान पर 2 है। ______

## आप भी ऐसे ही अपने कुछ प्रश्न बनाइए।

© NCERT not to be republished





Reprint 2024-25

## वल्लमकली

ओणम केरल में मनाया जाने वाला प्रसिद्ध त्यौहार है, जिसमें नौका-दौड़ होती है, जिसे *वल्लमकली* कहते हैं। दौड़ समाप्त होने वाली है। चित्र को देखिए एवं प्रत्येक नाव की स्थिति बताइए।



क. कौन-से रंग की नाव पहले स्थान पर आ सकती है? ____________

ख. कौन-से रंग की नाव तीसरे स्थान पर आ सकती है? ____________

ग. नीली एवं हरी नाव कौन-से स्थान पर हैं? ____________ ____________

घ. चित्र में देखकर गुलाबी एवं नारंगी रंग की नावों की स्थिति लिखिए। ____________ ____________

## नीचे दिए गए अगस्त माह के कैलेंडर* को देखिए।

| रविवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 स्वतंत्रता दिवस | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 ओणम | 30 रक्षाबंधन | 31 | | |

*यह कैलेंडर सन 2023 का है।



Reprint 2024-25

# कैलेंडर को पढ़िए एवं उत्तर दीजिए।

क.  इस महीने में ओणम किस दिन मनाया जाएगा? ______

ख.  स्वतंत्रता दिवस कब मनाया जाएगा? ______

ग.  इस महीने के ______ बुधवार को रक्षाबंधन है।

पता कीजिए कि अगस्त के महीने में आपके कौन-कौन से मित्रों के जन्मदिन आते हैं। कैलेंडर पर उन तारीखों पर चिह्न लगाइए।

# जर्सी नंबर 17




© NCERT not to be republished

बच्चों से उनके आस-पास के ऐसे स्थानों पर चर्चा करें, जहाँ वे लेबल या नामों के रूप में संख्याएँ देखते हों। उदाहरण के लिए, मकान संख्या, पिलर संख्या, बस या ट्रेन के नंबर इत्यादि। बच्चों को बताएँ कि जिस सुंदर विधि से हम आज विश्व भर में संख्याएँ लिखते हैं— 0 और 1–9 अंकों का प्रयोग करके, उसकी उत्पत्ति भारत में ही हुई थी।



Reprint 2024-25